तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 8 जुलाई 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 शिक्षा सचिव के निर्देश का असर, जर्जर स्कूलों के मरम्मत की शुरु हुई तैयारी



## खबर संक्षेप



### नेता प्रतिपक्ष व सांसद आज व कल कोरबा में

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत व कोरबा लोकसभा से दूसरी बार निर्वाचित सांसद ज्योत्सना महंत 8 जुलाई की शाम कोरबा पहुंचकर कार्यकर्ताओं व आमजनों से सांसद निवास में मुलाकात करेंगे। पीसीसी के संयुक्त महासचिव हरीश परसाई ने बताया कि कोरबा आने के दौरान 8 जुलाई को ही नेता प्रतिपक्ष व सांसद कटघोरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जुराली के डिपरापारा के कुएं में 4 ग्रामीणों की मौत के दुःखद हादसे पर पीड़ित परिजनों को ढांढस बंधाने उनके निवास पहुंचेंगे। ग्राम कसनिया में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। 9 जुलाई को कोरबा में आमजनों से मुलाकात के लिए मौजूद रहेंगे।

### संपूर्णता अभियान पर होगा काम, हुई शुरुआत

**कोरबा।** नीति आयोग भारत सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति मनाए जाने के साथ अब इस दिशा में क्रियान्वयन होना है। इस पर केंद्रित संपूर्णता अभियान आज से शुरू हो गया। सितंबर महीने तक इसके तहत कार्यक्रम होने हैं। पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में आज सुबह अभियान पर कार्यक्रम हुआ। जिले और विकासखंड के प्रशासनिक व शिक्षा विभाग के अधिकारी सहित विद्यार्थियों ने अभियान की शुरुआत के अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर जनपद पंचायत के सीईओ खगेश निर्मलकर, अध्यक्ष संतोषी पेंड्रो, रामप्यारी जाखड़, आईसीडीएस के प्रोजेक्ट ऑफिसर व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम दोपहर 3 बजे कोरबा में होगा।

### रेलकर्मियों को दिया गया अग्निशमन यंत्र का प्रशिक्षण

**कोरबा।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों को संरक्षित व सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर कार्य किया जा रहा है। साथ ही किसी भी आपातकालीन स्थिति में आग की रोकथाम के लिए स्टेशनों और गाड़ियों के कोचों में अग्निशमन यंत्र भी उपलब्ध कराए गए है। साथ ही गाड़ियों व विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत रेलकर्मियों को अग्निशमन यंत्र का प्रयोग करने में दक्ष करने हेतु नियमित रूप से प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है जिससे कि वे कार्यालयों एवं गाड़ियों में उपलब्ध अग्निशमन यंत्र का प्रयोग कर अग्नि दुर्घटना का बचाव प्रभावी रूप से कर सकें। इसी कड़ी में मंडल संरक्षा विभाग के द्वारा बिलासपुर मंडल के गेवरारोड स्टेशन में अग्निशमन यंत्र के प्रयोग का प्रशिक्षण दिया गया।

### कोटवारी जमीन की बिक्री पर प्रशासन ने लिया संज्ञान

**कोरबा।** कोटवारों को शासन द्वारा गुजर बसर के लिए दी गई जमीन को बेचे जाने के मामले को संज्ञान में लेकर राज्य शासन की ओर से जारी किए गए आदेश पर कार्यवाही जिले में शुरू हो गई है। कलेक्टर ने इस मामले में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर सभी अनुविगीय अधिकारियों से कोटवारों को मिली जमीन के बिक्री की गई और रिकार्ड में दर्ज किए जाने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के इस निर्देश के बाद जिन लोगों ने कोटवारों की जमीन खरीदी है उनमें हड़कंप मच गया है। राजस्व रिकार्ड से अब कोटवारी भूमि को खरीदने वालों का नाम हटाया जाएगा। कलेक्टर अजीत वसंत ने अविवादित विवादित नामांतरण, सीमांकन, बटांकन, भू अर्जन, भू व्यवस्थापन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का तहसीलवार समीक्षा करते हुए कहा कि कोई भी प्रकरण अनावश्यक समय-सीमा से बाहर न हो सभी अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें। साथ ही सभी प्रकरणों का ऑनलाइन एंट्री भी गंभीरता से करने की बात कही।

# शिवनाथ, कोरबा-यशवंतपुर और बीकानेर एक्सप्रेस सहित 10 ट्रेनों में लीज की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल से चलने वाली 10 ट्रेनों के 20 पार्सल बोगी को लीज में देने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए 19 जुलाई को ई-निविदा जारी की जाएगी। इन ट्रेनों में कोरबा से चलने वाली यात्री गाड़ी भी शामिल है। जिनके पार्सल बोगी को लीज में दिया जा रहा है।

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों के सामानों को ट्रेनों के माध्यम से एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन भेजने के लिए पार्सल बोगी अथवा एसएलआर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। रेलवे की पार्सल सेवा छोटे व्यापारियों व यात्रियों की माल ढुलाई का एकमात्र सुविधाजनक साधन है। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुये छोटे-बड़े व्यापारियों को प्रतिस्पर्धी दर के साथ सुरक्षित पार्सल-माल परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मंडल से चलने वाली 10 ट्रेनों के 20 पार्सल बोगी को लीज पर देने के लिए आईआरईपीएस की वेबसाइट पर ई-निविदा 5 जुलाई को जारी की जा चुकी है। । पार्सल बोगी लीज आबंटन की प्रक्रिया दिनांक 19 जुलाई को सुबह 11 बजे से की जाएगी। इन दस ट्रेनों में 12252 कोरबा-यशवंतपुर एक्सप्रेस, 18239 कोरबा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी शिवनाथ एक्सप्रेस सहित 10 ट्रेनों के 20 पार्सल बोगी को लीज पर दिए जाने के लिए ई-निविदा जारी की जा रही है। इन दो ट्रेनों के अलावा जिन ट्रेनों के पार्सल बोगी लीज में दी जा रही है वो यात्री गाड़ियां बिलासपुर रेलवे से शुरु होती है। जिनमें 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस, 18247 बिलासपुर रीवा एक्सप्रेस, 20845 बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस, 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस, 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस, 17481 बिलासपुर-तिरुपति एक्सप्रेस, 11202 शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस, 22407 अम्बिकापुर-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस शामिल हैं।

### 19 जुलाई को जारी होगा टेंडर

**खास बातें**
- रेलवे ने व्यापारियों को सुविधा देने तैयार की योजना
- यात्रियों के स्टेशन में ही उतरेंगे सामान



### जल संसाधन विभाग ने तैयारी की शुरु

# बांगो बांध के 11 गेट का 3 करोड़ से होगा आधुनिकीकरण, कम्प्यूटर से होगा ऑपरेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग 32 साल पूर्व प्रदेश के सबसे बड़े बांगो बांध को तैयार किया गया था। इस बांध का संचालन अभी भी पुराने तकनीक से किया जाता है। जिसे लेकर कई तरह की परेशानी होती है वहीं इसे देखते हुए अब जल संसाधन विभाग द्वारा बांगो बांध के रेडियल गेट व जल निकासी सहित अन्य व्यवस्था को विभाग द्वारा आधुनिकीकरण करने का फैसला लिया गया है। लगभग 2 करोड़ 92 लाख की लागत से अब बांगो बांध के रेडियल गेट का आधुनिकीकरण का कार्य किया जाएगा। इसके लिए विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सबसे बड़े बांगो बांध जिसकी पानी से पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा, कोरबा, सक्ती सहित आसपास के जिलों के संयंत्रों व किसानों को रबी व खरीफ के फसलों के लिए भरपूर पानी दिया जाता है। इस बांध की स्थापना सन 1992 में हुई थी और बांध में 11 रेडियल गेट लगे हुए हैं जिसका संचालन पुरानी पद्धति से किया जाता है और इन 11 गेट को खोलने के लिए पुराने तकनीक रोपवे के माध्यम से खोला जाता है और उसे बंद किया जाता है। जिसे लेकर कई तरह की परेशानियां होती है। जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अफसरों द्वारा रेडियल गेट के संचालन के लिए आधुनिकीकरण करने का फैसला लिया गया है। बताया जाता है कि अब विभाग द्वारा 2 करोड़ 92 लाख की लागत से इन 11 रेडियल गेट का आधुनिकीकरण किया जाएगा। जिसके लिए विभाग ने टेंडर की प्रक्रिया संपन्न कर ली है। यदि ठेकेदार मिल जाते हैं तो निश्चित तौर पर बारिश के बाद इन 11 गेट को बदलने के साथ-साथ रेडियल गेटों का आधुनिकीकरण कार्य पूरा किया जाएगा।



फाइल फोटो

#### पानी डिस्चार्ज की जानकारी मोबाइल पर होगी अपडेट

मौजूदा स्थिति में बांगो बांध के जल स्तर को देखने के लिए वहां लेवल लगा हुआ है। वहीं बांध के गेट से पानी कितना डिस्चार्ज किया जा रहा है यह पुराने पद्धति से ही चल रहा है। वहीं विभाग द्वारा अब बांगो बांध के 11 गेट खोलने पर कितना पानी डिस्चार्ज हो रहा है यह चंद सेकंड में ही गेट खोलते ही विभाग के कंप्यूटर या फिर विभागीय अफसर के मोबाइल में सीधा जानकारी मिल सकेगी और इसके लिए विभाग द्वारा बांगो बांध के सभी 11 गेटों में जल निकासी मशीन स्थापित भी किया जाना है।

#### एक क्लिक करते ही खुलने लगेंगे गेट

जल संसाधन विभाग के अफसर की माने तो यदि बांगो बांध के 11 गेट का आधुनिकीकरण कार्य संपन्न हो जाता है तो यह ऑपरेटिंग सिस्टम कंप्यूटर से संचालित होगा और एक क्लिक करते ही बांगो बांध के किसी भी गेट को खोला और बंद किया जा सकेगा। जिससे विभाग का काम आसान हो जाएगा। साथ ही बांगो बांध के सभी गेट आधुनिक हो जाएंगे।

## न्यायालयीन कर्मचारियों ने मंदिर में पूजा पाठ कर किया अनोखा प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

संपूर्ण भारत के न्यायिक कर्मचारी कार्य के बोझ तले दबे हुए है न्यायिक कर्मचारियों को उनके कार्य के अनुरूप वेतन सिर्फ कुछ गिने चुने प्रदेश में दिया जा रहा है शासन को अपनी समस्या से अवगत कराने एवं अपनी मांगों की पूर्ति हेतु उत्तर प्रदेश राज्य के न्यायिक कर्मचारियों द्वारा रविवार को प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिनके समर्थन में छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ जिला शाखा कोरबा द्वारा समर्थन प्रदान किया गया। उत्तर प्रदेश के राज्य की तरह छत्तीसगढ़ राज्य का तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की अनेक समस्या जैसे शेटी पे कमिशन की अनुशंसा को पूर्ण रूप से लागू नहीं होना उसे अनुशंसाओं के अनुरूप न्यायिक कर्मचारियों को उच्चतर वेतनमान प्रदान न करना जिनका शीघ्र निराकरण आवश्यक है। न्यायिक परिवार में सभी जाति धर्मो के कर्मचारी समाहित है इसलिए अपने-अपने इष्ट देवता से प्रार्थना करते हैं कि उत्तर प्रदेश के न्यायिक कर्मचारी एवं उनके साथ भारत वर्ष के सभी द्वितीय तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के समस्याओ का शीघ्र निराकरण हो। इस अवसर पर दिनेश कुमार टेंगवार अध्यक्ष, पुरेश कुमार देवांगन प्रशासनिक अधिकारी, लता टंडन, शैलेंद्र अंनत, बालकृष्ण पटेल, खगेंद्र, पुरुषोत्तम डनसेना, राकेश पांडेय, गनपत सिह, देवसिंह, अनामिका, चंपा, कमल, मनशी धारा, प्रवीण मणिकांत, रश्मि, ममता, राजकुमारी, सीमा, शत्रुहन तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित थे।

## हाथियों का झुण्ड धरमजयगढ़ रवाना कुदमुरा में डेरा डाले हुए हैं 7 हाथी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुदमुरा वनपरिक्षेत्र अंतर्गत स्थित जंगल के कक्ष क्रमांक 1139 कुदमुरा परिसर में काफी दिनों से 13 हाथियों के झुण्ड ने डेरा डाले रखा था। इसमें से 6 हाथी अब धरमजयगढ़ की ओर चले गये है जबकि 7 हाथी अभी भी इसी जंगल में विचरण कर रहे है। 6 हाथियों के अन्यत्र जाने से वन विभाग ने कुछ राहत महसूस की है लेकिन 7 हाथियों के क्षेत्र में डटे रहने से अभी भी खतरा बना हुआ है सो वन विभाग का अमला लगातार हाथियों की निगरानी में जुटा हुआ है। ग्रामीणों को सतर्क करने के साथ हाथियों की मौजूदगी वाले जंगल न जाने तथा हाथियों से दूरी बनाये रखने की अपील लगातार की जा रही है। धरमजयगढ़ से क्षेत्र से 13 हाथियों का झुण्ड एक सप्ताह पहले आया था और कुदमुरा परिसर के जंगल के कक्ष क्रमांक 1139 को अपना बसेरा बना लिया था। बीती रात हाथियों के झुण्ड में से 6 हाथी मूव्हमेंट किये और जंगल के रास्ते धरमजयगढ़ की ओर चला गया। हाथियों के झुण्ड के संबंध में कहा जा रहा था कि इस झुण्ड में 2 शावक भी शामिल है। शावकों के कारण हाथी क्षेत्र के जंगल में जमे हुए है और आगे नहीं बढ़ रहे है लेकिन बीती रात 6 हाथियों ने झुण्ड से अलग होकर आगे का रूख कर लिया है। उधर कटघोरा वनमंडल के केंदई एतमानगर व जटगा रेंज में हाथियों की लगातार मौजूदी बनी हुई है। हालांकि मानसूनी बारिश के बाद जंगल में पेड़-पौधे हरे-भरे हो गया है। हाथियों को पर्याप्त मात्रा में चारा व पानी मिल रहा है इसलिए वे जंगल ही जंगल घूम रहे है और आबादी वाले क्षेत्रों में नहीं पहुंच रहे है, जिसके कारण कोई नुकसान नहीं हो रहा है।



सड़क पार करता हाथियों का झुण्ड।

## ओवरलोड राखड़ वाहनों पर आरटीओ की कार्रवाई, 4 लाख का वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर की सड़कों पर नियम विरुद्ध राखड़ परिवहन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ परिवहन विभाग ने कार्रवाई की है। विभाग ने 10 ओवरलोड वाहनों से 4 लाख 6 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया है। परिवहन विभाग ने राखड़ परिवहन कर रहे वाहनों के खिलाफ आगे भी कार्यवाही जारी रहने की चेतावनी दी है।

सड़क पर संयंत्रों का राखड़ लेकर दौड़ते भारी वाहनों से हर आम और खास त्रस्त है। इन पर लगाम कसने प्रशासनिक कवायद तेज़ हो गई है। इसी कड़ी में जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटना एवं प्रदूषण की रोकथाम के लिए राखड़ ओवरलोड कर चलने वाले विभिन्न वाहनों पर आरटीओ इंस्पेक्टर सीके साहू के नेतृत्व में उनकी उडनदस्ता टीम द्वारा विगत दो दिन से अभियान चलाकर नियमों को ताक पर रखकर चलने वाले ओवरलोड वाहनों पर सख्ती से कार्यवाही करते हुए 10 ओवरलोड वाहनों से 4 लाख 6 हजार 500 रुपए का जुर्माना राशि वसूल की गई है। साथ ही मौके पर वाहन चालकों को तिरपाल ढक कर चलने, ओवरलोड न करने, शराब पीकर वाहन न चलाने एवं परिवहन नियमों का कड़ाई से पालन करने की समझाइश दी गई। इसके अलावा बिना फिटनेस, बिना बीमा बिना परमिट, बिना तिरपाल ढके वाहनों, दुकान, ढाबे व सड़क किनारे, नो पार्किंग एरिया में बेतरतीब खड़े वाहनों, शराब सेवन कर चलने वाले वाहन चालकों, ओवरलोड वाहनों पर परिवहन विभाग की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। परिवहन विभाग की इस कार्यवाही से ओवरलोड परिवहन करने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है विभाग ने साफ चेतावनी जारी कर दी गई है कि ओवरलोड परिवहन करने वाले लोगों को बिल्कुल भी बख्शा नहीं जाएगा।

**खास बातें**
- वाहन चालकों को तिरपाल ढककर वाहन चलाने की दी गई हिदायत
- परिवहन विभाग की टीम की जारी रहेगी कार्रवाई



सड़क पर कार्यवाही करती परिवहन विभाग की टीम।

### मुख्यमार्ग पर लग रहा मवेशियों का जमावाड़ा, दुर्घटना की आशंका

# शहर की सड़कों पर मवेशियों का राज, राहगीर हो रहे परेशान


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर की सड़कों पर हर जगह मवेशी नजर आ रहे हैं, सड़कों पर मवेशी राज कायम है। नगर निगम द्वारा आवारा मवेशियों को गौठान में रखे जाने की व्यवस्था की गई है पर कुछ दिनों तक ही अभियान चलाकर निगम अमला अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेता है। यही वजह है कि शहर के सभी प्रमुख चौक चौराहों व मार्गों पर आवारा मवेशियों का जमावाड़ा नजर आ रहा है, जो दुर्घटनाओं का सबब बन रही है।

उल्लेखनीय है कि मवेशियों के संरक्षा और किसानों के खेती-किसानी के दिनों में फसल को नुकसान न पहुंचे इसके लिए रोका-छेका अभियान शुरू किया गया था। सड़कों पर विचरण करने वाले मवेशियों को गोठान में रखे जाने की व्यवस्था की गई। बावजदू इसके मवेशी शहर की सड़कों पर स्वच्छंद विचरण करते नजर आ रहे हैं। जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। दरअसल बारिश का मौसम शुरू होते ही गौ पालक मवेशियों को अपने घर के गोठान में रखने के बजाए खुला छोड़ रहे हैं। इससे मवेशी शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर विचरण करते हुए लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। शहरी क्षेत्र में जहां मुख्यमार्ग पर मवेशियों का जमावड़ा होने से वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं। वहीं भारी वाहनों की चपेट में आकर मवेशी भी घायल हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान खेती के कार्य में जुटे हुए हैं। खेत में फसल की बोआई भी शुरू हो गई है। खेतों में हरियाली आ गई है। हरियाली देखकर मवेशी खेत और बाड़ी में प्रवेश कर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। शहर के पावर हाउस रोड, बुधवारी बाजार, आईटीआई-वीआईपी मार्ग, घंटाघर, सुभाष चौक, कोसाबाड़ी, इतवारी बाजार, सीतामणी सहित अन्य मार्ग पर मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। सर्वमंगला पुल से लेकर कुसमुंडा चौक, राताखार बायपास, तुलसी नगर मार्ग, बुधवारी सहित अन्य बायपास मार्ग पर भी बीच सड़क पर मवेशी बैठै रहते हैं। इससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। बावजूद इसके मवेशियों को सड़क से हटाने प्रशासनिक अमला गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। शहर के बीच बुधवारी बाजार मुख्य मार्ग काफी व्यस्ततम सड़क है। इसमें दिन-रात भारी वाहनों के अलावा दोपहिया व चारपहिया वाहनों का दबाव बना रहता है। इस मार्ग पर जगह-जगह मवेशियों के बैठे होने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। नगर निगम द्वारा मवेशियों को गोठानों तक पहुंचाने की जहमत नहीं उठाई जा रही है। वहीं पशुपालक भी लापरवाही बरतते हुए मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं जो मुख्यमार्गों पर पहुंचकर इधर-उधर घूमते व बैठे नजर आते हैं। बीच सड़क पर मवेशी किसी हादसे का शिकार नहीं हो, इसके लिए गौ सेवक व नगर निगम की ओर से हर मवेशियों को रेडियम पहनाया जाता है, लेकिन इस बार इसे लेकर भी पहल नहीं की जा रही है।



सड़क पर बैठा मवेशियों का झुण्ड।



## खबर संक्षेप



### पानी टंकी के लिए स्कूल परिसर में खोदा गड्ढा, हादसे का खतरा

**हरदीबाजार।** ग्राम पंचायत खम्हरिया में नल जल योजना के तहत बनाया जा रहा पानी टंकी के लिए ठेकेदार के द्वारा प्राथमिक शाला परिसर में गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है। नतीजा यह रहा कि गड्ढा बारिश से तालाबनुमा बन गया, जिसमें बरसात के पानी से गड्ढा पूरी तरह से भर गया है। स्कूल परिसर में होने के कारण स्कूल के बच्चे आसपास में खेलते रहते हैं। पानी भरे गड्ढे में कोई बच्चा व पशु गिर जाए तो एक बड़ी अनहोनी हो सकती है। ठेकेदार की लापरवाही के चलते यह स्थिति निर्मित हुई है, ग्रामीण कहते हैं कि शासन के योजना से करोड़ों रुपए की लागत के साथ नल जल योजना बनाया जा रहा है, लेकिन ऐसे ठेकेदार एवं नल जल योजना के अधिकारियों के उदासीनता के कारण यहां अभी तक पानी टंकी नहीं बन पाई है।

### हरदीबाजार में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर



**हरदीबाजार।** ग्राम पंचायत हरदीबाजार में एसईसीएल दीपका क्षेत्र के द्वारा हरदीबाजार पुरानी बस्ती में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का लाभ लेने मोहल्लेवासियों सहित ग्रामवासी ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया तथा अपनी शारीरिक बीमारियों, बीपी, शुगर सहित मौसमी बीमारीयों का परामर्श, दवाई लेकर इलाज़ कराया गया, शिविर में लगभग 162 लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया। जिसमें मौसमी बीमारी का भी परीक्षण किया गया और ग्राम वासियों को सलाह दिया गया की बरसात के दिनों में बहुत सारी बीमारियां उत्पन्न होती है जिससे रखरखा और आसपास की गंदगियों को दूर करके बीमारियों से बचा जा सकता है। साफ व उबालकर पानी पिऐ तथा बीपी, शुगर, थाइराइड, बलगम, कान की कम सुनाई देना ऐसे बहुत सारी बीमारियों का निशुल्क इलाज एसईसीएल दीपका क्षेत्र के द्वारा शिविर में किया गया। इस आयोजन में क्षेत्र के जनपद सदस्य अनिल टंडन ने बताया कि दीपका क्षेत्र के द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्राम वासियों की निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा दिलाया गया और जो गंभीर बीमारी है उन्हें अस्पताल में भी इलाज करने के लिए भेजा गया। शिविर में ग्राम के सरपंच अनसूया युवराज सिंह कंवर, शिक्षाविद् व समाजसेवी अजय दुबे, डॉ अरविंद कुमार, डॉ.प्रशांत दुबे, राजू साहू, रामेश्वरी जायसवाल, अजय राठौर सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

### महतारी वंदन योजना से महिलाएं बन रहीं सशक्त



**कोरबा।** महिलाओं को वित्तीय रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जनहितैषी छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश की महिलाओं को 1000 रुपए की आर्थिक मदद हर महीने सीधे डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में प्राप्त होती है। जिससे महिलाएं स्वावलंबन की राह पर आगे बढ़ सकें एवं अपनी सेहत एवं आर्थिक स्थिति में सुधार कर पाएं। पूरे राज्य की तरह जिले में भी इस योजना का सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहा है।



जगन्नाथ स्वामी की आरती करते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं अन्य।



रथ को खींचने जुटी श्रद्धालुओं की भीड़।

### रथ यात्रा के पर्व पर ग्रामीण अंचल भी भगवान जगन्नाथ की भक्ति में डूबा रहा

# भक्तों को दर्शन देने रथ पर सवार निकले जगत के पालनहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आषाढ़ द्विज की तिथि पर प्रतिवर्ष निकाले जाने वाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा छोटे पुरी के नाम से प्रसिद्ध दादर में ऐतिहासिक रही। शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के साथ आसपास के ग्रामीण अंचल के दर्शनार्थी जगत के पालनहार की दर्शन के लिए उमड़ पड़े। भक्ति के सभी पर्वों में यही एक ऐसा पर्व है जिसमें भगवान भक्तों को दर्शन देने के लिए स्वयं अपने स्थान से रथ में सवार होकर निकल पड़ते हैं। अन्य पर्व में जहां भक्त ही पालनहार के दरबार में पहुंचते हैं, लेकिन इस पर्व पर पालनहार भक्तों को दर्शन देने स्वयं निकल पड़ते हैं। दादरखुर्द की ऐतिहासिक रथ यात्रा में पालनहार के दर्शन को एक बड़ा जनसैलाब उमड़ पड़ा। मंत्री से लेकर आम लोग पालनहार के दर्शन के लिए पहुंचे हुए थे।

**खास बात**

- शहर के साथ बालको, ढेलवाडीह, पाली, हरदीबाजार में निकली रथयात्रा

ढलते सूरज की शाम के साथ रथ यात्रा निकाले जाने की परंपरा सदियों से दादरखुर्द में चली आ रही है। आषाढ़ द्विज की तिथि पर प्रतिवर्ष यह रथ यात्रा निकाली जाती है, जिसकी तैयारी एक पखवाड़े से मंदिर समिति और ग्रामीणों के द्वारा की जाती रही है। जैसे ही रथ यात्रा का दिन नजदीक आते जाता है गांव के आसपास के लोग रथ को तैयार करने के लिए मंदिर में पहुंचने लगते हैं। रविवार को गोधुली बेला में घंटों व शंखों की गूंज के साथ मंदिर में वैदिक रीति के साथ पूजा अर्चना कर भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बलभद्र की प्रतिमा को रथ में सवार किया गया। उसके पूर्व सात बार रथ की परिक्रमा की गई। परिक्रमा के पूर्व परंपरागत रूप से थवाईत परिवार की महिलाओं द्वारा परिक्रमा के पथ को झाड़ू से साफ करते हुए पूजा अर्चना की अंतिम प्रक्रिया को पूर्ण किया गया। हाथ में लिए जगन्नाथ की प्रतिमा को जैसे ही रथ में सवार किया गया मंदिर परिसर का क्षेत्र जय जगन्नाथ के साथ गुंजायमान हो गया। शंखों व घंटों की गूंज से समूचा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना करने पहुंचे हुए थे। सुबह से ही दादरखुर्द में मंदिर से 300 मीटर दूरी तक दुकानों के लगने से मेला का स्वरूप नजर आ रहा था। भीड़ के मद्देनजर बड़ी संख्या में पुलिस बल सुरक्षा के लिए तैनात था। आसपास के ग्रामीण अंचल की महिलाएं, पुरूष, बच्चे और दूर दराज से आए रिश्ते नातेदार दोपहर से ही मंदिर परिसर में जुट गए थे। मुख्य पुजारी रामेश्वर प्रसाद चतुर्वेदी ने थवाईत परिवार के द्वारा प्राचीन परंपरा का निर्वहन किया गया। मंदिर परिसर से जगन्नाथ स्वामी का रथ निकलकर दादरखुर्द बस्ती का भ्रमण करते हुए जनकपुरी राम मंदिर पहुंची। जहां देर शाम भगवान जगन्नाथ स्वामी, बहन सुभद्रा व बलभद्र की प्रतिमाओं को स्थापित किया गया। 10 दिन जनकपुरी राम मंदिर में प्रतिमाओं का निवास करने के बाद उनकी वापसी होगी। इस दौरान जगन्नाथ स्वामी की पूजा अर्चना का दौर दिन के दोनों पहर जनकपुरी राम मंदिर में किया जाएगा।

### बालको में निकली जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा

शहर के उपनगरीय क्षेत्र बालको नगर में बीते 40 वर्ष से निकाली जा रही रथ यात्रा राम मंदिर से निकाली गई जो नगर का भ्रमण करते हुए रामलीला मैदान पहुंची, जहां उत्कल समाज द्वारा गुडिपा मंदिर का निर्माण किया गया। 10 दिन तक भगवान जगन्नाथ स्वामी अपने भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा के साथ गुडिपा मंदिर में निवास करतें। इस दौरान पूरे 10 दिन तक उत्कल समाज द्वारा गुडिपा मंदिर में ही पूजा अर्चना का कार्य करते रहेंगे। इस दौरान भक्तिगीतों के कार्यक्रम भी उत्कल समाज के द्वारा आयोजित किया जाते हैं। इस अवसर पर बालको के सीईओ राजेश कुमार व पार्षद हितानंद अग्रवाल सहित अधिकारी कर्मचारी व उत्कल समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### बोईदा में निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा




ग्राम बोईदा गुड़ी चौक में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा धूमधाम से निकाली गई। पंडित संतोष तिवारी ने विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। रथयात्रा गुड़ी चौक होते हुए आनंदनगर पुरा ग्राम में निकली। रथयात्रा के दौरान बाजार में कई तरह के दुकानें भी सजी रहीं उतरदा, लोटनापारा, सिरली, मुरली, सराईपाली सहित बाहर से काफी संख्या में आए लोगों ने जमकर खरीदारी की। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि मनोज जगत, गिलाम पटेल, चित्रपाल श्रीवास, राजकुमार मरावी, बीरसिंह कंवर, खेलन पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### हरदीबाजार में निकाली गई भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

मां शीतला माता रथ यात्रा समिति द्वारा प्रभू श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा हरदीबाजार पुरानी बस्ती बजरंगबली मंदिर से निकालकर बस्ती, बस स्टैंड, कालेज चौक होते हुए पुराना दीपका रोड अपने मौसी के घर लाया गया। जिसमें महिला, बच्चे, युवा, बुर्जुग ने जगन्नाथ स्वामी के जयकारे लगाते हुए बने रथ को खींचा और प्रसाद का वितरण किया। इस आयोजन में सभी ग्रामवासी उपस्थित थे।



### पोड़ीबहार में निकाली गई रथ यात्रा

नगर निगम के वार्ड 29 पोडीबहार में भी आषाढ़ द्विज तिथि के अवसर पर ठाकुर देव स्थल से भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा बड़े धूम धाम से निकाली गई। वार्ड के गली मोहल्लों का भ्रमण करते हुए रथयात्रा शिव मंदिर पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में वार्ड के निवासी पहुंचे हुए थे।



### श्री सप्तदेव मंदिर में निकाली गई रथयात्रा

श्री सप्तदेव मंदिर स्थित श्री श्याम परिसर में निर्मित चारों धाम में से एक धाम पुरीधाम में प्रतिष्ठित श्री जगन्नाथ, भाई बलदाऊ एवं बहन सुभद्रा का पुष्य नक्षत्र शुक्ल पक्ष द्वितीया उत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। आज के दिन पुरीधाम में भगवान श्री जगन्नाथ, भाई बलदाऊ एवं बहन सुभद्रा की भव्य रथयात्रा निकाली जाती है एवं ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान अपने मौसी जी के घर विश्राम करने के लिये जाते है। इस उत्सव को देखने के लिये पुरीधाम मे देश विदेशों से लाखों की संख्या में भक्तगण पधारते है। श्री सप्तदेव मंदिर से भी भगवान श्री जगन्नाथ, भाई बलदाऊ एवं बहन सुभद्रा की रथयात्रा कार में निकाली गई एवं भगवान को नगर भ्रमण कराकर उनके मौसी के घर पहुँचाकर रथयात्रा को विराम दिया गया। इस अवसर पर श्री सप्तदेव मंदिर परिवार के प्रमुख ट्रस्टी अशोक मोदी, अमरनाथ अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, विजय गोयनका, कमलेश बांटू, सतानंद बघेल, श्रीमती शिकरण मादी, प्रीति मोदी, प्रेमा अग्रवाल, संतोष देवी अग्रवाल, शकुंतला मोदी, सरला मित्तल, शीतल कौर, ज्योति यादव, चंद्रकांता यादव एवं मंदिर के मुख्य पुजारी नवीन महाराज, बीएल शर्मा, आशीष सिंह सहित भक्त उपस्थिति थे।



### सीतामणी से निकाली गई रथयात्रा

शहर के सीतामणी मंदिर से भी रथ यात्रा निकाली गई। इस दौरान शहरवासी यात्रा में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ के जयकारे लगाते चल रहे थे। मंदिर परिसर में रथ यात्रा की तैयारी को लेकर सुबह से ही तैयारियों का दौर शुरू हो गया था। प्रति वर्ष जगन्नाथ यात्रा का आयोजन सीतामणी मंदिर में किया जाता रहा है। शाम को पूजा अर्चना पश्चात रथ यात्रा निकाली गई जो नगर का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर स्थल पहुंची।



### पूर्व राजस्व मंत्री ने लिया आशीर्वाद

पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने जगन्नाथ रथ यात्रा पर्व के अवसर पर प्रदेश वासियों को अपनी शुभकामनाएं दी। श्री अग्रवाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि पुरी स्थित भगवान जगन्नाथ का मंदिर चार धामों में गिना जाता है। जिले के दादरखुर्द में स्थित जगन्नाथ मंदिर में 124 वर्षों से प्रतिवर्ष जगन्नाथ भगवान की रथ यात्रा निकाली जाती है। श्री अग्रवाल ने बताया कि भगवान जगन्नाथ अर्थात जग के नाथ इनकी उपासना करने वालों को कभी कष्ट नहीं झेलने पड़ते। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने प्रदेश वासियों के खुशहाल जिन्दगी के लिए तथा प्रदेश में अमन, चैन, सुख, समृद्धि के लिए जग के नाथ भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना की है।



### भगवान जगन्नाथ के दरबार पहुंचीं सरोज पांडेय

कोरबा शहरी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दादर खुर्द में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की रथ यात्रा का आज धूमधाम से निकाली गई, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय ने पूजा अर्चना कर रथ यात्रा का शुभारंभ किया। जिले के दादरखुर्द क्षेत्र में रथ यात्रा का अपना विशेष महत्व है और इसकी एक अलग पहचान है। आज 124वर्ष इस परंपरा के पूरे हो गए। नगर निगम के वार्ड क्रमांक 31 खरमोर के अंतर्गत आने वाले दादरखुर्द में जगन्नाथ मंदिर परिसर में रथ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह नजर आया। तो वहीं 124 साल पुरानी इस परंपरा को निभाने के लिए पूरे गांव के लोग एक साथ नजर आए। इस वजह से गांव को छोटा पुरी के नाम से भी जाना जाता है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक चावलानी, नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, लक्की नंदा, अजय कुमार चंद्रा,योगेश जैन, अजय विश्वकर्मा, विकास अग्रवाल, कृष्णा द्विवेदी के साथ साथ समिति के पदाधिकारी एवं श्रद्धालु पहुंचे थे।



# बालकोनगर में आयोजित जगन्नाथ रथ यात्रा में उमड़े भक्तजन



**कोरबा।** भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा बालकोनगर उत्कल भारती समिति ने धूमधाम से आयोजित की। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार सहित अनेक बालको अधिकारियों, कर्मचारियों, उनके परिवारजनों और नगरवासियों ने धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लेकर भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा एवं बलभद्र को रथ पर आसीन किया। श्री राजेश कुमार की अगुवाई में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने रथ खींचकर पुण्य अर्जित किया। रथ यात्रा के आगे चल रहे कर्मा नर्तकों के दल ने तालबद्ध नृत्य से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। रथयात्रा बालकोनगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई रामलीला मैदान में बनाए गए गुंडिचा मंदिर तक पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र की स्थापना कर उनकी आराधना की। 7 जुलाई से 15 जुलाई तक श्री गुंडिचा मंदिर रामलीला मैदान में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। बालकोनगर में 43 वर्षों से रथ यात्रा उत्सव आयोजित किए जाने की परंपरा है।


### सुरक्षा उपकरण प्रदान करने पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन


**कोरबा।** गेवरा परियोजना में कार्यरत सभी कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण प्रदान करने के लिए प्रबंधन को बीएमएस के पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन दिया गया, जिसमें बीएमएस के पदाधिकारियों ने कहा कि आज के समय में हमारे कर्मचारियों के साथ सुरक्षा उपकरण प्रदान करने में भेदभाव का रवैया प्रबंधन द्वारा अपनाया जा रहा। ऐसा प्रतीत हो रहा किसी को हेलमेट दिया जा रहा किसी को नहीं किसी को गम्बूट दिया जा रहा किसी को नहीं तो किसी को हेलमेट दिया जा रहा तो किसी को नहीं इस प्रकार से कर्मचारियों के साथ जो रवैया प्रबंधन कर रही है वो अनुचित है। जिसका विरोध बीएमएस के पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन देकर किया है और सभी कर्मचारियों को एक समान व्यवहार करते हुए सबको सभी प्रकार के उपकरण प्रदान करने की माँग प्रबंधन के सामने रखा है।

***कोरबा।** एचटीपीपी संयंत्र में एसईसीएल की कुसमुण्डा खदान से कन्वेयर बेल्ट के जरिए कोयले की आपूर्ति की जाती है। इसी संयंत्र के समीप ही इरेक्टर हॉस्टल के पास खाली जमीन पर विस्तार नीति से 660 मेगावाट की दो क्रिटिकल यूनिट लगाए जाने की योजना है।

## कोरबा मार्केट




प्रो.नं. 150/24 प्रकरण क्रमांक 13/24
पेशी तारीख-03-08-24

**आम ईश्तहार/नोटिस**
**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 कोरबा (छ.ग.)**

गुलशन कुमार कंवर ........आवेदिका
**बनाम**
श्रीमती रामायण बाई वगैरह .....अनावेदकगण

उपरोक्त वादी/आवेदिका गुलशन कुमार कंवर के द्वारा प्रतिवादी श्रीमती रामायण बाई के विरूद्ध धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम 1995 के तहत मृतक स्व. तीजराम कंवर पिता बहोरन कंवर का मृत्यु, दिनांक 28.08.2020 एवं आवेदक के पिता स्व. तुलाराम कंवर का मृत्यु, दिनांक 30.04.2023 को हो गया है। आवेदक के दादा स्व. तीजराम कंवर ने जिला सहाकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर के शाखा कार्यालय कोरबा-1, तहसील व जिला कोरबा छ.ग. में बचत खाता खोलवाया था जिसका खाता क्रमांक 606033025781 है। जिसमें कुल राशि 92,896.83/- (बयानबे हजार आठ सौ छियानबे रू. तिरासी पैसा) की रकम को प्राप्त करने के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत माननीय न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01 कोरबा के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है और उक्त प्रकरण की सुनवाई हेतु दिनांक 03/08/2024 की तिथि नियत है। अतः प्रतिवादी/अनावेदकगण, (आम जनता जिसका इससे कोई संबंध हो) को उक्त प्रकरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक को सुबह 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी। नोटः- अगर उक्त दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी। आज दिनांक 02/07/2024 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**(सुश्री सीमा प्रताप चंद्रा)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 कोरबा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप



### ताइक्वांडो चैंपियनशिप में कोरबा के खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण

**कोरबा।** जिले में आयोजित राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़ राज्य ताइक्वांडो चैंपियनशिप का शनिवार को रायगढ़ क्लब में जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक द्वारा शुभारंभ किया गया था। इस मुकाबले में पूरे प्रदेश से 400 से अधिक खिलाड़ी शामिल हुए हैं। मुकाबले में प्रथम दिन रायगढ़, कोरबा और रायपुर के खिलाड़ियों ने जीते गोल्ड मेडल रायगढ़ क्लब में रविवार को बहुत सी कैटेगरी के खिलाड़ियों के बीच मुकाबले हुए, जिसमें अंडर 45 केजी पुरुष में प्रथम रौनक निषाद (रायगढ़), द्वितीय प्रियांशु चौहान (अंबिकापुर), तृतीय वरुण सोनवानी (सूरजपुर), चतुर्थ अरनव शर्मा (दुर्ग) अंडर 48 केजी पुरुष में क्रमशः विनीत बरबरीक (कोरबा),जतिन शर्मा (कोरबा),सुखदेव साहू (रायगढ़),सचिन गृतलहरे (बिलासपुर) अंडर 51 केजी पुरुष में क्रमशः किशन दास मानिकपुरी (रायपुर) ,युगांतर सिंह (बिलासपुर),शिवांश पांडे (रायपुर),भूपेंद्र कुमार (सूरजपुर) पहला दूसरा तीसरा और चौथा स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को चैंपियनशिप में पधारे मुख्य अतिथि सुरेंद्र सिंह चौधरी (घरघोड़ा नगर पंचायत अध्यक्ष), श्याम कुमार गुप्ता ( कराटे संघ), अतिथि लायंस क्लब प्राइड की अध्यक्षा श्रीमती आशा बेरीवाल और श्रीमती मनीषा ऋषि वर्मा ने मेडल पहना कर सम्मानित किया। उनके साथ ही ताइक्वांडो संघ के प्रदेश महासचिव अनिल द्विवेदी, जिला अध्यक्ष अशोक बट्टीमार, सचिव आरती सिंह ने भी खिलाड़ियों को मेडल पहना कर शुभकामनाएं दी। तीन दिवसीय इस चैंपियनशिप में 7 जुलाई को आखिरी मुकाबला होगा। शाम को इस चैंपियनशिप का समापन समारोह आयोजित किया गया है। रायगढ़ में आयोजित इस चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस आयोजन को सफल बनाने में प्रदेश व जिला ताइक्वांडो संघ जी जान से लगा है।

## स्काउट्स एवं गाइड्स के पौधरोपण का महापौर ने किया शुभारंभ

# पौधरोपण के बाद उन्हें सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारीः राजकिशोर



पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल स्काउट गाइड्स के साथ अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव के मार्गदर्शन तथा राज्य सचिव श्री कैलाश सोनी के दिशा- निर्देश पर रविवार को जिले में पौधरोपण अभियान की शुरुआत की गई। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला कोरबा द्वारा जिला स्तरीय पौधरोपण कार्यक्रम स्याहीमुड़ी में आयोजित किया गया।

पौधरोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर राजकिशोर प्रसाद रहे। महापौर ने नीम का पौध रोपकर अभियान की शुरुआत की। एसएमडीसी, हाई स्कूल, स्याहीमुड़ी के पूर्व अध्यक्ष द्वय आशीष अग्रवाल, राजेंद्र सिंह ठाकुर, जिला आयुक्त (गाइड) एवं प्राचार्य डा. फरहाना अली, डीओसी द्वय डीगम्बर सिंह कौशिक, उत्तरा मानिकपरु, गाइड केप्टिन पुष्पा शांडिल्य, कब मास्टर श्रीकांत सिंह, रोवर लीडर द्वय पंकज साहू, जगन्नाथ सिंह नेताम सहित कब, बुलबुल, स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स ने पौधों का रोपण किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में नीम, आम, बादाम, अंजीर, जामुन, आंवला, कटहल सहित अन्य प्रजातियों के लगभग सौ पौधों का रोपण किया गया। रोपे गए पौधों के संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि पौधों का रोपण एक पुण्य का काम है। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में अधिक से अधिक पौधों का न केवल रोपण किया जाना चाहिए बल्कि रोपे गए पौधों को सुरक्षित रखा जाना कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा विकासखंड स्तर पर पौधों को रोपण किया गया। विद्यालयों की कब, बुलबुल, स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर इकाइयों ने भी पौधे लगाए। प्रधानमंत्री के आहवान पर एक पौधा मां के नाम अभियान के भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला कोरबा द्वारा 30 जुलाई तक पौधरोपण का निरंतर अभियान चलाया जाएगा।

### भाजपा बांकीमोगरा मंडल युवा मोर्चा ने किया पौधरोपण



**कोरबा।** वार्ड क्रमांक 59 ग्राम खमरिया में बने तालाब के किनारे पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा बांकीमोगरा मंडल उपाध्यक्ष अमित यादव के मार्गदर्शन में पौधरोपण कर उसके महत्व के बारे में चर्चा की गई। अमित यादव ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए पौधरोपण आवश्यक है और समय-समय पर हो रही पेड़ों की कटाई चिंताजनक है। वृक्षों की हर हाल में रक्षा करना हमारा धर्म है, वृक्ष हमारे जीवन का आधार है। इंसान और जीव जंतु इन सभी लोगों के लिए वृक्ष एक अमृत के समान सहयोग प्रधान करती है। वृक्ष एक लाभ नेक होते हैं वृक्ष के माध्यम से वातावरण को शुद्ध किया जाता है। जिससे जलवायु के बिगड़ते हालात को ठीक करने में वृक्ष की अहम भूमिका होती है। पौधरोपण का कार्यक्रम में विष्णु लाल यादव, ईश्वर यादव, अमित कुमार यादव, गर्विन यादव, संतोष पटेल, आशीष यादव, अमन यादव, किशन कुमार विश्वकर्मा, भुनेश्वर पटेल, रोहित पटेल, अजीत राम सहित उपस्थित थे।

### एक पेड़ मां के नाम रासेयो इकाई चैतमा ने पौधरोपण कर की शुरुआत



शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय चैतमा में अटल बिहारी वाजपेयी विश्विद्यालय बिलासपुर राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ.सिन्हा, जिला संगठक कोरबा प्रो.वायके तिवारी, प्राचार्य संरक्षक चंद्राणी सोम के निर्देश पर कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र कुमार बंजारे, स्पोर्ट्स शिक्षक नाबीउल्ला सिद्दिकी के मार्गदर्शन में स्वंय सेवक, विद्यार्थियों ने ग्रीन कैम्पस, ग्रीन परिसर एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरुआत की। इस दौरान विभा तांडे, पार्वती राम, सुरेन्द्र सिंह नेटी, प्रज्ञा दास, विंध्यराज, विजेता चतुर्वेदी, धनराज मैडम, बलराम छत्रिय, चंद्रमुखी साहू, श्री धीवर, निष्ठा जायसवाल, पुनम जायसवाल कीर्तन बघेल, देवानंद वर्मा ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान में वृक्षारोपण किया। प्राचार्य संरक्षक चंद्राणी सोम ने प्रशंसा करते हुए बताया कि पेड़ हमें स्वच्छ हवा, लकड़ी, फल, ईंधन, इमारती लकड़ी और रहने के लिए जगह जैसी महत्वपूर्ण चीजें देते हैं। इनके औषधीय और आध्यात्मिक उपयोग भी हैं। नाबीउल्ला सिद्दिकी स्पोर्ट्स शिक्षक ने बताया कि पेड़ लगाने में योजना बनाना, बीज या पौधे जमीन में डालना, उन्हें पानी देना और उनकी देखभाल करना शामिल है। ग्लोबल वार्मिंग के खिलाफ पेड़ सुपरहीरो की तरह हैं क्योंकि वे हवा से कार्बन लेते हैं। पेड़ जंगल, हमारे समेत कई जानवरों के लिए घर की तरह हैं। हमें पेड़ों से स्वादिष्ट फल मिलते हैं, और वे कागज और लकड़ी बनाने जैसे उद्योगों के लिए एक बड़ी मदद हैं, जो अर्थव्यवस्था में मदद करते हैं। पेड़ प्राकृतिक एयर कंडीशनर की तरह काम करते हैं, गर्मी को अवशोषित करके और अपने चारों ओर की हवा को ठंडा करके चीजों को ठंडा बनाते हैं। कुछ पेड़, जैसे नीम, हानिकारक चीज़ों से छुटकारा दिलाकर हवा को साफ़ भी करते हैं। इस अवसर पर स्वंय सेवक संध्या, तम्मना, रोशनी, श्वेता, सानिया, हिमानी, रोशनी कुमारी, विमलेश्वरी, माही, सकछि, चाँदनी चंचल, सागर, पंकज, अश्विनी, दीपांशु, सुमित, वीरेन्द्र कंवर, मितेश, राजरविन्द्र, विनय महंत, थानेश्वर, भूपेंद्र पीयूष, नवनीत द्वारा श्रमदान एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण गांधी बाग चैतमा, ईरफ, माँगामार, रैनपुर, चैतमा, गोपालपुर, पटपरा गांव में स्वंय सेवक अपने घर के बाड़ी में वृक्षारोपण किया।

### डीडीएम पब्लिक स्कूल में वन महोत्सव का आयोजन



डीडीएम पब्लिक स्कूल में शनिवार को वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाना तथा समाज के विविध वर्गों का सहभागिता लेना था। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के अतिरिक्त समाजसेवी संस्था, मीडिया, बैंकिंग क्षेत्र एवं वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपना विशेष योगदान दिया। वन विभाग के द्वारा 1200 पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया, जिसमें वन विभाग डीएफओ अरविंद कुमार एवं डी.एफओ प्रशिक्षु चंद्रकुमार अग्रवाल का योगदान रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर राजकिशोर प्रसाद थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कलस्ट हेड, एचडीएफसी बैंक सुनील बोरकर एवं रजनीकांत साहू ब्रांच ऑपरेशन मैनेजर उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीडीएम पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष केएन सिंह ने किया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि प्रत्येक वर्ष हमें कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। वृक्षारोपण से पर्यावरण का संरक्षण होता है, एवं वातावरण प्रदूषण मुक्त होता है। इस अवसर पर स्वाति नायडू, अंकूर राठौर, खूशबु वर्मा, जितेश पाण्डे, प्राचार्य डॉ. एसएन जेम्स सहित अन्य उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### सुरक्षा उपकरण प्रदान करने पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** गेवरा परियोजना में कार्यरत सभी कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण प्रदान करने के लिए प्रबंधन को बीएमएस के पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन दिया गया, जिसमें बीएमएस के पदाधिकारियों ने कहा कि आज के समय में हमारे कर्मचारियों के साथ सुरक्षा उपकरण प्रदान करने में भेदभाव का रवैया प्रबंधन द्वारा अपनाया जा रहा। ऐसा प्रतीत हो रहा किसी को हेलमेट दिया जा रहा किसी को नहीं किसी को गम्बूट दिया जा रहा किसी को नहीं तो किसी को हेलमेट दिया जा रहा तो किसी को नहीं इस प्रकार से कर्मचारियों के साथ जो रवैया प्रबंधन कर रही है वो अनुचित है। जिसका विरोध बीएमएस के पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन देकर किया है और सभी कर्मचारियों को एक समान व्यवहार करते हुए सबको सभी प्रकार के उपकरण प्रदान करने की माँग प्रबंधन के सामने रखा है। जिसमें मुख्यरूप से प्रीतम राठौर, मदन सिंह, रामनारायण साहू, वीरेंद्र राठौर, कुलदीप कुमार, मानिकांत, विनोद राठौर एवं राजकुमार सहित अन्य शामिल थे।

### महाविद्यालयीन छात्रों के लिए प्रवेश पोर्टल फिर से ओपन, अंतिम तिथि कल तक

**कोरबा।** कक्षा 12वीं के बाद कालेज के स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश प्राप्त करने आवेदन कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए एक अच्छी खबर है। बीते दिनों प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया के तहत अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर ने प्रवेश पोर्टल पर पंजीयन क्लोज कर दिया था। इसके बाद भी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं पंजीयन कराने से चूक गए थे। ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए अभी तक पंजीयन नहीं कराया है, उन्हें एक और मौका देते हुए विश्वविद्यालय ने रजिस्ट्रेशन के लिए प्रवेश पोर्टल फिर से ओपन कर दिया है। 5 जुलाई से खोले गए रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर नए विद्यार्थियों को पंजीयन कराने एक और अवसर देते हुए 9 जुलाई तक का समय दिया गया है।

### पहाड़ी कोरवा की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** एक पहाड़ी कोरवा को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला लेमरु थाना क्षेत्र के ग्राम केराझरिया की है। यहां निवासरत बूटूराम 50 वर्ष पिता स्व मोकरराम विगत दिनों रिश्तेदारी में अपने रिश्तेदार चेतराम के घर तीतरडांडगया हुआ था। जहां से वापस लौटने के दौरान वह रास्ते में गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसके बाद उसे डायल 112 की मदद से पिछले दिनों जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान बूटूराम की मौत हो गई थी और घटना की सूचना पर पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि बुटूराम की मौत संभवतः गिरने की वजह से हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अंडर 14 क्रिकेट में लोवकेश को उत्कृष्ट खिलाड़ी से किया सम्मानित

**कोरबा।** रायपुर में आयोजित उत्कृष्ट क्रिकेटर



सम्मान समारोह 5 जुलाई को आयोजित किया गया था। सीएससीएस द्वारा मिरर रिसॉर्ड रायपुर में जिले के क्रिकेट खिलाड़ी लोवकेश यादव अंडर 14 खिलाड़ी ने इंटर ड्रिस्टिक टूर्नामेंट में अधिकतम विकेट लेकर चयनकर्ताओं को अपनी तरफ आकर्षित किया था। इस प्रदर्शन से अंडर 14 छत्तीसगढ सीएससीएस टिम में अपना स्थान प्राप्त किया और डूंगरपुर ट्रॉफी में राज्य की टीम में स्थान प्राप्त किया। लोवकेश यादव राइट आर्म लेग स्पिनर है जो कि वर्तमान में जिला क्रिकेट एसोसिएशन केडीसीए अंडर 14 टीम से खेलते हैं। टीम के क्रिकेट कोच अनिल प्रजापति है। जिले की टीम लगातर अच्छा प्रदर्शन कर रही है और सीएससीएस, रेस्ट ऑफ सीएससीएस टीम में अपना स्थान प्राप्त कर रहे हैं। जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने लोकेश यादव के शानदार प्रदर्शन पर अध्यक्ष बीबी साहू, कार्यकारणी सचिव जीत सिंह, सीएल यादव, सहित जिला क्रिकेट टीम ने प्रोत्साहित किया।

### बिजली खंभे गिरने के कगार पर

**कोरबा।** नगर निगम के वार्ड क्रमांक 23 कृष्णा



नगर के कई क्षेत्रों में लगे बिजली के खंभे गिरने के कगार पर पहुंच चुके हैं। स्थानीय बस्तीवासियों के द्वारा खंभों के सुधार एवं नए खंभे लगाने हेतु बिजली विभाग को ज्ञापन दिया गया है किंतु उसके बावजूद विभागीय स्तर पर कार्यवाही नहीं हो रही है। वार्ड के चर्च के पीछे बिजली का खंभा बारिश की वजह से झुक चुका है। पाड़ीमार जोन अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में खंभे झुकने की वजह से कई बार घटनाएं हो चुकी है।

# शिक्षा सचिव के निर्देश का असर, जर्जर स्कूलों के मरम्मत की शुरू हुई तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में नवा जतन और डीएमएफ में बड़ी राशि होने के बावजूद जर्जर स्कूलों के जीर्णोद्धार में रुचि नहीं लिए जाने व नौनिहालों के ऐसे स्कूलों में बरसात के समय पढ़ाई करने की मजबूरी को देखते हुए शिक्षा सचिव ने संज्ञान लेते हुए ऐसे जर्जर स्कूलों के मरम्मत कार्य तीन दिन में शुरु करने के निर्देश दिए हैं। जिले में 3 सौ से अधिक स्कूल हैं जो जर्जर होने के कारण बरसात के समय संचालन के लिए उपयुक्त नहीं रहते हैं।

जर्जर स्कूलों के जीर्णोद्धार के लिए राज्य शासन की ओर से नवा जतन योजना चालू की गई थी। वहीं स्थानीय स्तर पर डीएमएफ की राशि खर्च करने का प्रस्ताव तैयार हुआ था। जिसके तहत गर्मी के समय कार्य हुए नवा जतन की स्थिति को देखकर तैयारियां शिक्षा विभाग के द्वारा ऐसे स्कूलों की सूची तैयार की गई जिन्हें प्राथमिकता से सुधार कार्य किया जाना था। इनमें कई स्कूल ऐसे निकले जो नवा जतन से जीर्णोद्धार के बाद भी बरसात में कक्षाएं लगाने के लायक नहीं हैं। वहीं दूरस्थ श्यांग जैसे स्थल में जर्जर स्कूलों की जगह नए स्कूल भवन का निर्माण किया गया लेकिन बरसात के समय नए स्कूल भवन की यह स्थिति हो गई कि स्कूल के शिक्षकों को फिर से पुराने भवन में ही स्कूल लगाना पड़ा। अधिकारियों की नजरअंदाजी के कारण नौनिहालों और शिक्षकों को बरसात के समय परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों कलेक्टर अजीत वसंत ने बैठक लेकर जर्जर स्कूलों का जीर्णोद्धार डीएमएफ से कराए जाने के निर्देश दिए थे और शिक्षा विभाग से इसकी सूची मांगी गई थी। किंतु अब तक जीर्णोद्धार के कार्य बरसात के कारण शुरु नहीं हुए। इन स्कूलों में केवल दूरस्थ ग्रामीण अंचलों के स्कूल ही नहीं है बल्कि शहर में संचालित स्कूलों की भी यही स्थिति है।

**तीन सौ से अधिक स्कूल जर्जर, नवा जतन से भी नहीं सुधरी थी स्थिति**



**जीर्णोद्धार किए जा रहे हैं**

जर्जर स्कूलों का जीर्णोद्धार कार्य शिक्षण सत्र के शुरु होने के पहले ही चालू कर दिया गया है। ग्रामीण अंचलों के स्कूलों में प्राथमिकता से लिया गया है। जर्जर स्कूलों में कक्षाएं नहीं लगाने के भी निर्देश दिए गए हैं। शहर के जर्जर स्कूलों केजीर्णोद्धार के कार्य शुरु कर दिया गया है।

- टीपी उपाध्याय, डीईओ

### मानिकपुर चौकी पुलिस की टीम को मिली सफलता, उड़ीसा पासिंग का नंबर लगाकर भर रहे थे फर्राटे

# अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का भांडाफोड़, चोरी की 5 बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर चौकी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिसमें अंतर राज्यीय बाइक चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को धरदबोचा है और पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने आधा दर्जन मोटरसाइकिल बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपी शहर में बाइक चोरी कर उसे पड़ोसी राज्य में खपाते थे। जहां पुलिस की टीम ने उड़ीसा में दबिश देकर चोरी के बाइक को जप्त किया है।

उल्लेखनीय है कि जिले में पिछले कुछ दिनों से लगातार मोटरसाइकिल व एक्टिवा सहित अन्य मोटरसाइकिल की चोरी की घटना लगातार सामने आ रही है। अलग-अलग क्षेत्र में चोरी की घटना से इस गिरोह को धरदबोचने के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने सभी थाना चौकी प्रभारी को निर्देश जारी किया था। इस कड़ी में पिछले दिनों मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले चंद्रप्रकाश राठौर ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रेलवे स्टेशन मानिकपुर के पास से उसकी होंडा एक्टिवा मोटरसाइकिल को किसी अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। जिसकी छानबीन के लिए पुलिस जुटी हुई थी। इस बीच मानिकपुर चौकी प्रभारी प्रेमचंद साहू को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्य इस चोरी में शामिल है और चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। जिसके आधार पर पुलिस की टीम द्वारा चोरों के गिरेबान तक पहुंचने का प्रयास कर रही थी। इस बीच मानिकपुर पुलिस द्वारा टीम गठित कर मोटरसाइकिल चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में लचीदा ज़िला बरगढ़ उड़ीसा निवासी गणेश कुम्हार उर्फ़ बच्चा पिता नकुल कुम्हार उम्र 36 वर्ष, अख़्तियारपुर ज़िला ग़ाज़ियाबाद उत्तरप्रदेश निवासी भूपेन्द्र शर्मा पिता श्यामवीर शर्मा उम्र 54 वर्ष, खम्हार ज़िला रायगढ़ निवासी परिमल दास महंत पिता घासीदास महंत उम्र 35 वर्ष को गिरफ्तार कर उनके क़ब्ज़े से चोरी एक्टिवा के साथ पूर्व में चोरी किए गए कुल 5 मोटरसाइकिल और उड़ीसा पासिंग नंबर प्लेट को जप्त कर आरोपियों को गिरफ़्तार किया गया है, जिन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उक्त कार्यवाही मे सउनि अमर जयसवाल, मप्रआ स्मिता बेक, आर संजय रात्रे, गंगाराम डांडे और प्रदीप राठौर का विशेष योगदान रहा है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जप्त बाइक।

**बाइक चोरी से बढ़ी पुलिस की टेंशन**

जिले के अलग-अलग थाना चौकी क्षेत्र में लगातार बाइक चोरी की घटना में इजाफा हुआ है। पिछले कुछ महीनों से लगातार बढ़ती बाइक चोरी की घटना सामने आ रही है। चोरी के मामले भी थाना और चौकी में दर्ज हो रहे हैं लेकिन आरोपियों के गिरेबान तक पहुंचने में पुलिस को सफलता नहीं मिल पा रही है। क्राइम ब्रांच की टीम मारपीट के मामले में सरगना को पकड़ने में लगी हुई है तो वहीं दूसरी ओर चोरी के मामले को सुलझाने में थाना चौकी की पुलिस गंभीरता नहीं दिखा रही है। जिसके चलते शातिर बदमाश शहर के अलग-अलग इलाकों में घूम कर बाइक चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। 4 दिनों पूर्व सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मकान नंबर एसएफ-487 के बाहर खड़ी एक्टिवा चोरी के मामले में पुलिस अब तक कोई सफलता नहीं मिल पायी है तो वहीं दूसरी ओर बालको थाना में ही बाइक चोरी के तीन अलग अलग मामले दर्ज हुए हैं जिसमें चिंताराम कश्यप, श्रवण कुमार राठौर व हरीश मरावी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

# कोरबा-कुसमुण्डा मार्ग पर बने बड़े बड़े गड्ढे, राहगीर हलाकान



इस तरह मार्ग में बने हैं गड्ढे जहां हो रहे हैं हादसे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा-कुसमुण्डा मार्ग पर बने गड्ढे जी का जंजाल बने हुए हैं। कुसमुण्डा पेट्रोल पंप के पास एक ऑटो एकाएक पलट गई। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई। ऑटो में सामान लोड था ऑटो के पलटने से सामान सडक़ पर धराशाई हो गया। 4 से 5 लोगों ने मिलकर ऑटो को सीधा किया। धकेल कर सडक़ के किनारे ले गए, फिर सडक़ पर फैले सामान को समेटा गया। ऑटो चालक ने बताया कि वह राशन का सामान लेकर बांकीमोंगरा की ओर जाने के लिए निकला था लेकिन कुसमुंडा के सड़क के गड्ढों में फंस गया, चालक ने कहा बड़ी मुश्किल से वह धीरे-धीरे ऑटो को चला कर गड्ढे वाले रास्ते को पार कर ही रहा था कि ऑटो का बैलेंस बिगड़ा और एकाएक पलट गया। कोरबा कुसमुण्डा मार्ग में जहां बरमपुर मोड़ के पास सडक़ की हालत बद से बद्तर है वहीं इमलीछापर से कुचेना मोड़ तक सडक़ में गड्ढे ही गड्ढे है बारिश की वजह से अब सडक़ में निर्मित गड्ढों के आकार विशालकाय हो गए है। हालात यह है कि सडक़ का नामोनिशान मिट चुका है केवल गड्ढे ही गड्ढे दिखाई पड़ते हैं इस वजह से वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उक्त मार्ग पार फोरलेन सडक़ बनाने का काम चल रहा है काम लगभग 80 फीसदी पूरा हो गया है लेकिन बरमपुर मोड में 200 मीटर और इमलीछापर के पास की सडक़ अधूरी है और इन दोनों ही जगह पर लोगों को सबसे ज्यादा समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बरमपुर मोड़ के पास 200 मीटर की सडक़ का निर्माण अधूरा है और यही 200 मीटर वाली सडक़ लोगों के लिए परेशानी का कारण है।

# सुराकछार व बल्गी में कर्मियों का जबरन स्थानांतरण मंजूर नहीं : दीपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



दीपेश मिश्रा

श्रमिक संगठन एटक के प्रदेश कार्यवाहक दीपेश मिश्रा ने एसईसीएल प्रबंधन पर सुराकछार एवं बल्गी खदान में कार्यरत कर्मचारियों का जबरन सामुहिक स्थानांतरण किए जाने का आरोप लगाया है। श्री मिश्रा ने कहा है कि कर्मियों का जबरन स्थानांतरण एटक को मंजूर नहीं। उन्होंने कहा है कि पर्यावरण मंजूरी नहीं मिलने से दोनों खदान में खनन गतिविधियों को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। केंद्रीय पर्यावरण विभाग ने वर्ष 2015 में ही सुराकछार एवं बल्गी प्रबंधन को भविष्य में खनन गतिविधियों को जारी रखने के लिए पर्यावरण मंजूरी ले लेने के लिए चेताया था, परन्तु प्रबंधन ने केंद्रीय पर्यावरण विभाग द्वारा जारी किए गए नोटिस को पूरी तरह नजर अंदाज करते हुए दोनों खदानों में खनन गतिविधियों को जारी रखने के लिए राज्य पर्यावरण विभाग से अस्थाई खदान संचालन के लिए सहमति ले लिया था और पुरजोर कोयला उत्पादन जारी रखा था जबकि केंद्रीय पर्यावरण विभाग द्वारा जारी नोटिस को प्रबंधन ने जानबूझकर गंभीरता से नहीं लिया। वहीं अब राज्य पर्यावरण विभाग ने भी पर्यावरण मंजूरी के अभाव में दोनों खदानों में कोयला उत्पादन को पिछले 5-6 माह पूर्व से पूरी तरह रोक दिया है। श्री मिश्रा ने कहा कि खदानों मे कोयला उत्पादन जारी रखने के लिए पर्यावरण मंजूरी एक लंबी प्रक्रिया है जो निश्चित आकार से बड़ी परियोजनाओं के लिए अनिवार्य है। इसीलिए ही पर्यावरण विभाग समय से पूर्व पर्यावरण स्वीकृति लेने के लिए सुचित करता है। उन्होंने कहा कि कोरबा एरिया के सुराकछार, बल्गी एवं सिंघाली खदान में पिछले कई माह से उत्पादन ठप्प है इसलिए कोरबा एरिया के प्रबंधन ने जबरन मजदूरों को रजगामार व दीगर खदानों मे स्थानांतरण कर दिया है, इसमें सबसे गंभीर बात तो यह है कि जो कामगार रिटायर्ड हो रहे हैं उनको भी बल्गी सुराकछार से 50 किलोमीटर दूर रजगामार मे ट्रांसफर कर दिया गया है जो कि बिल्कुल सही नहीं है एटक प्रबंधन के इस एक तरफा कार्रवाई का पुरजोर विरोध दर्ज करता है। इस संबंध में दीपेश मिश्रा ने कहा कि इस भारी वर्षा के मौसम में कर्मचारियों का स्थानांतरण करना एक अमानवीय कृत्य है। उन्होंने अंत में महाप्रबंधक कोरबा एरिया को अगाह किया कि जिले में हो रहे बरसात को ध्यान में रखते हुए फिलहाल कामगारों का ट्रांसफर को पुनर्विचार करते हुए तुरंत निरस्त करें।

### खदान में कर्मी की मौत के बाद छुट्टी पर गए कर्मी को बनाया दोषी

**कोरबा।** एसईसीएल सुराकछार खदान में लगभग 4 वर्ष पूर्व ड्यूटी के दौरान एक कर्मचारी की मौत हो गई थी। इस मामले में एटक के श्रमिक नेता दीपेश मिश्रा ने प्रबंधन पर हादसे से अपने आपको बचाने के लिए अवकाश पर गए एक ओवरमेन को फंसाने का आरोप लगाया है। श्री मिश्रा ने प्रबंधन द्वारा एसोसिएशन के पदाधिकारियों से मिलकर ओवरमेन को फंसाने का आरोप लगाया है। उल्लेखनीय है कि 27 नवंबर 2021 की रात्रि एसईसीएल सुराकछार खदान में कार्यरत कोलकर्मी रामचरण की मौत हो गई थी। एटक के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने आरोप लगाया है कि प्रबंधन अपने आपको इस हादसे से बचाने के लिए विरेंद्र कुमार पटेल, वरिष्ठ ओभरमेन जो घटना के दिन वैधानिक स्वीकृति लेकर छुट्टी पर गया हुआ था। उसे मिलीभगत कर फंसाया जा रहा है। सुराकछार प्रबंधन ने उच्च अधिकारियों से मिलीभगत कर जांच करवाई को एकतरफा प्रभावित करके विरेंद्र कुमार पटेल को दुर्घटना का दोषी बना दिया। जबकि वीरेंद्र कुमार पटेल ड्यूटी में था ही नहीं वह छुट्टी पर गया था।

# हितग्राहियों को प्रथम किश्त जमा करने दिया गया अंतिम अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

प्रधानमंत्री आवास योजना के मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक के हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि जमा करने हेतु नगर निगम द्वारा पुनः एक अंतिम अवसर दिया गया है तथा उनसे 7 दिनों के भीतर प्रथम किश्त की राशि निगम में जमा करने को कहा गया है। यदि उनके द्वारा यह राशि जमा नहीं कराई जाती तो उन हितग्राहियों का आबंटन स्वतः निरस्त माना जाएगा एवं शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत मोर मकान-मोर आस घटक के हितग्राहियों को उक्त आवासगृहों का आबंटन कर दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक मोर मकान-मोर चिन्हारी एएचपी अंतर्गत दादरखुर्द में 2784 आवासगृहों का निर्माण कराया गया है, इस घटक के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्रांतर्गत स्थित अस्थाई स्लम बस्तियों, पम्प हाउस, परसाभांठा, रूमगरा एवं कोहड़िया के पात्र हितग्राहियों का चयन पूर्व में किया गया था। निगम द्वारा इन स्लम बस्तियों के चयनित हितग्राहियों से कई बार मौखिक रूप से, नोटिस के माध्यम से एवं व्यक्तिगत संपर्क कर प्रथम किश्त की राशि जमा करने का आग्रह किया गया, साथ ही बस्तियों के सामुदायिक भवनों में हितग्राहियों की सूची चस्पा कर एवं वहाँ के जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर हितग्राहियों को इस हेतु प्रोत्साहित किए जाने के प्रयास भी किए गए किन्तु अभी भी कुछ हितग्राहियों द्वारा इस दिशा में कोई रूचि नहीं ली गई है। निगम द्वारा इन स्लम बस्तियों के चयनित इन हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि जमा करने हेतु पुनः एक अंतिम अवसर देते हुए 7 दिवस के अंदर राशि जमा करने को कहा गया है, यदि उक्त समय अवधि में उनके द्वारा प्रथम किश्त की राशि जमा नहीं कराई जाती तो उनकी अनिच्छा मानकर उक्त आवासगृहों को शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार मोर मकान-मोर आस के चयनित पात्र हितग्राहियों को आबंटित किया जाएगा।

### जमीन पर सोते समय सांप काटने से बच्ची की मौत

**राजपुर।** जमीन पर सोते समय करैत सांप काटने से दस वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि ग्राम ठरकी निवासी 10 वर्षीया रेशमी कोड़ाकु आ. श्रीराम कोड़ाकु बीती रात खाना खाने के बाद दादी के साथ जमीन पर सो गई थी। इस दौरान देर रात दो बजे उसके बाएं हाथ पर कुछ काटने का एहसास हुआ।

### बुधवार को आयोजित की गई है कार्यशाला

# एनईपी में स्टूडेंट को एक सेमेस्टर में 20 क्रेडिट करना होगा अर्जित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

केएन कॉलेज में बुधवार को नई शिक्षा नीति (एनईपी) पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। राज्य स्तर पर प्रशिक्षिक मास्टर ट्रेनर व शासकीय पीजी कॉलेज में वनस्पतिशास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ संदीप शुक्ला ने इस कार्यशाला में कॉलेज के प्राध्यापक-सहायक प्राध्यापकों को मार्गदर्शन प्रदान किया। एनईपी को लेकर उनके मन में चल रही जिज्ञासाओं का समाधान किया।

डॉ शुक्ला ने बताया कि फर्स्ट सेमेस्टर से लेकर आठवें सेमेस्टर तक शासन की वेबसाइट पर सारा कॅरिकुलम अपलोड कर दिया गया है। जितने भी पेपर है, वेबसाइट पर उपलब्ध हैं, अगर चाहें तो उन्हें जरुरत अनुसार डाउनलोड किया जा सकता है। सारे कोर्स लर्निंग आउटकम के आधार पर तय किए गए हैं। सभी का सिलेबस एक ही रहा, पर हर कालेज का आउटकम अलग-अलग होता है। इसलिए इस बार सभी के लिए यूनिफार्म यानि एकरुप कॅरिकुलम लागू किया गया है। डॉ शुक्ला ने बताया कि पहले हम सिलेबस कहा करते थे, पर अब सिलेबस नहीं कहना है, बल्कि इसे कॅरिकुलम कहकर ही एनईपी की गाइडलाइन के अनुरुप कालेजों में अध्ययन-अध्यापन संचालित करना है। एनईपी के तहत जब हम प्रोग्राम की बात करते हैं, तो प्रोग्राम वह है, जिसमें बच्चा एडमिशन लेता है और डिग्री लेकर बाहर निकलता है। यानि बीए, बीएससी और बीकाम, यह प्रोग्राम हैं और कोर्स उनके भीतर पढ़ाए जाने वाले पेपर्स हैं। इनमें बॉटनी, जूलाजी, पालिटिकल साइंस, हिस्ट्री-इकोनामिक्स ये सभी पेपर हैं। यही कोर्स क्रेडिट बेस्ड हैं, जो कोर्स करेगा, उसे क्रेडिट मिलेगा। एक सेमेस्टर में किसी स्टूडेंट को एक सेमेस्टर में 20 क्रेडिट अर्न करना है या 20 क्रेडिट पढ़ना है और क्रेडिट अर्जित करने मतलब है, उसे पास होना है। क्रेडिट मिल गया, यानि वह पास होगा। इस तरह प्रत्येक सेमेस्टर में 20-20 क्रेडिट हैं।

### पेंशन कल्याण संघ की बैठक 9 को

**कोरबा।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक घंटाघर ओपन थियेटर 9 जुलाई को शाम 5 बजे से आहूत की गई है। बैठक में संघठन पर चर्चा की जाएगी, संघ ने समस्त पेंशन साथियों से अपील किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपस्थिति दें।

